प्रादेशिक समाचार
19.09.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ट्रैक्टर और कृषि उपकरणों पर जीएसटी दर घटाने से किसानों को मिलेगा सीधा लाभ, ट्रैक्टर और मशीनरी होंगी सस्ती।

2. केंद्रीय रक्षा मंत्री संजय सेठ ने रांची में "नमो उद्यान" का किया उद्घाटन, रांची को देश का नंबर एक शहर बनाने का किया आह्वान।

3. जमशेदपुर में लाको बोदरा की 106वीं जयंती पर पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने उनकी आदमकद प्रतिमा का किया अनावरण, कहा हो भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल कराने का प्रयास रहेगा जारी।

4. मौसम विभाग ने कल राज्य के अधिकांश जिलों में बारिश, तेज हवा और बिजली का येलो अलर्ट किया जारी।

5. रामगढ़ में खेलो झारखंड कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय राज्य स्तरीय अंडर–19 फुटबॉल प्रतियोगिता की हुई शुरुआत।

*******************

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि ट्रैक्टरों और कृषि उपकरणों पर जीएसटी दरों में कटौती का सीधा लाभ किसानों को मिलना चाहिए। नई दिल्ली में कृषि मशीनरी और उपकरणों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री चौहान ने इस बात पर ज़ोर दिया कि जीएसटी दर को 12 या 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने से ट्रैक्टर और मशीनरी काफ़ी सस्ती हो जाएगी।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी के तहत केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची के गांधीनगर में मां और पर्यावरण को समर्पित "नमो उद्यान" का उद्घाटन किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने कहा कि सभी मिलकर रांची को देश का नंबर एक शहर बनाना है और आज शहरवासियों को नमो पार्क के रूप में एक सौगात मिली है।

*******************

जमशेदपुर में लाको बोदरा की 106वीं जयंती के अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने लाको बोदरा की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया और कहा कि हो भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल कराने का प्रयास जारी रहेगा। उन्होंने समाज को हर संभव मदद का भरोसा देते हुए जल, जंगल और जमीन बचाने के संघर्ष को आगे बढ़ाने की बात कही।

*******************

हजारीबाग के ईचाक प्रखंड के डाढ़ा पंचायत अंतर्गत बभनी गांव में आदि कर्मयोगी अभियान के तहत रेस्पॉन्सिव गवर्नेंस प्रोग्राम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आदिवासी समुदाय की शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता पर चर्चा हुई तथा ग्रामीणों ने विकास से जुड़ी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। इस अवसर पर आदि सेवा केंद्र का भी उद्घाटन किया गया और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से विकास की दिशा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

*******************

रांची में कल होने वाली कुड़मी समाज के रेल रोको आंदोलन को लेकर कलकत्ता उच्च न्यायालय ने स्पष्ट निर्देश जारी किया है कि आंदोलन के दौरान कानून–व्यवस्था भंग नहीं होनी चाहिए और नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन नहीं होना चाहिए। न्यायालय ने कहा है कि किसी भी स्थिति में चिकित्सा सेवाएं, आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति और जन–साधारण का सामान्य जीवन बाधित नहीं होना चाहिए। समाज ने प्रशासन को आश्वस्त किया है कि आंदोलन शांतिपूर्ण होगा और निर्दोष नागरिकों को कोई क्षति नहीं पहुंचेगी। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि शांति बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी अवैध गतिविधि पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

*******************

दुमका में झारखंड छात्र समन्वय समिति ने सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर जन आक्रोश महारैली निकाली, जिसमें हजारों छात्र–छात्राओं के साथ मृतक की पत्नी और मां भी शामिल हुईं। रैली शहर के प्रमुख चौकों से होते हुए समाहरणालय पहुँची और समिति ने उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री और जनजातीय आयोग को ज्ञापन सौंपा। छात्र नेताओं ने कहा कि जब तक सीबीआई जांच नहीं होगी, आंदोलन जारी रहेगा और 6 नवंबर को झारखंड बंद बुलाया गया है।

*******************

चतरा पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 7 लाख 1 हजार रुपये की ठगी करने वाले एक आरोपी को देवघर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 13 एटीएम कार्ड, दो मोबाइल फोन और एक गाड़ी जब्त की है। पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल ने बताया कि आरोपी का आपराधिक इतिहास है और उसके खिलाफ पहले से भी मामला दर्ज है।

*******************

अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा ने आरोप लगाया कि झारखंड में अनुसूचित जाति समाज पर हो रहे उत्पीड़न के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। आज रांची में आयोजित प्रेस वार्ता में महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष आरपी रंजन ने मांग की कि अनुसूचित जाति आयोग को तुरंत सक्रिय किया जाए और सरकारी कार्यालयों में भेदभाव पर रोक लगे। उन्होंने कहा कि राइट टू एजुकेशन के तहत निजी विद्यालयों में अनुसूचित जाति विद्यार्थियों का नामांकन सुनिश्चित कराया जाए।

*******************

मौसम विभाग ने राज्य के अधिकांश स्थानों पर कल हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना जताई है। साथ ही गर्जन के साथ तेज हवा और आकाशीय बिजली को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट का पालन करने की अपील की है।

*******************

रांची जिला प्रशासन अवैध बालू खनन पर जीरो टॉलरेंस अपनाएं की पॉलिसी पर काम कर रही ळें इसके साथ ही बालू का अवैध भंडारण करने वालों पर भी सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया गया है।

*******************

रामगढ़ में खेलो झारखंड कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय राज्य स्तरीय अंडर–19 फुटबॉल प्रतियोगिता की शुरुआत सिद्धू कान्हू जिला मैदान में हुई। राज्य के सभी जिलों की बालक एवं बालिका टीमें इसमें भाग ले रही हैं, वहीं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और मार्च पास्ट आयोजन का आकर्षण रहीं। मौके पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि ऐसे आयोजन से खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा और यहां के प्रतिभावान खिलाड़ी आगे बढ़ेंगे।

******समाप्त********